an>

Title: Need to augment Mobile Telephone Services in Bastar, Chhattisgarh.

श्री विक्रम उसेंडी (कांकेर): उपाध्यक्ष जी, मेरा गृह राज्य छत्तीसगढ़ वामपंथ उग्रवाद से ग्रस्त राज्य है। राज्य के बस्तर संभाग में वामपंथी उग्रवादियों के हमले की आशंका बनी रहती है जिसके चलते यहां दूरसंचार व्यवस्था का सुदृढ़ होना अति आवश्यक है। इस राज्य के सुदूर गांवों तथा वन क्षेत्रों में आम जनता के साथ निरंतर संपर्क बना रहना अति जरूरी है। बस्तर संभाग में दूरसंचार विभाग की लचर व्यवस्था के चलते आए दिन वहां की जनता परेशान रहती है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के बाद दूरसचार विभाग की (बीएसएनएल) बैटरी तुरंत बंद हो जाने के चलते बात नहीं हो पाती है। बस्तर संभाग में कभी-कभी वामपंथी उग्रवादियों द्वारा बिजली काट दिए जाने से जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि वहां निजी मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों को काम करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए जिससे उग्रवाद प्रभावित इस क्षेत्र में दूरसंचार व्यवस्था दुरुस्त हो सके।